नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 भारत ने ड्रग्स के खिलाफ लड़ी मजबूत लड़ाई : शाह


6 विभिन्न चुनौतियों से जूझ रही एसटी


7 होर्मुज से निकले 30 भारतीय जहाज



8 बिट्स के शतक से दक्षिण अफ्रीका विजयी

# चंपत राय का इस्तीफा


## अयोध्या राममंदिर ट्रस्ट के थे महासचिव

**अयोध्या, 26 जून. राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में शुक्रवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया. विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के सूत्रों के अनुसार, राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है. दोनों ने अपना इस्तीफा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को सौंप दिया है.**

ट्रस्ट के ट्रस्टी नृपेंद्र मिश्रा ने भी मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें चंपत राय और डॉ. अनिल मिश्रा के इस्तीफे की जानकारी मिली है. हालांकि, अन्य सूत्रों का कहना है कि चंपत राय ने केवल महासचिव पद से इस्तीफा दिया है, जबकि ट्रस्ट की सदस्यता बरकरार रखी है.

इससे पहले गुरुवार देर रात पुलिस ने इस मामले में चंपत राय के करीबी सहयोगी रामाशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया था. सभी आरोपियों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा, जहां पुलिस उनकी 14 दिन की रिमांड की मांग करेगी. मामले में पहली एफआईआर गुरुवार शाम ट्रस्ट सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर दर्ज की गई थी. हालांकि, एफआईआर में चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा और ट्रस्ट के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के नाम शामिल नहीं हैं.

राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया था. इसके बाद 13 जून को उत्तर प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया. एसआईटी ने 23 जून को अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद को सौंप दी थी.


चंपत राय


अनिल मिश्रा

### 79.85 लाख कैश की हुई रिकवरी, आठ गिरफ्तार

अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा चोरी एवं कथित गबन मामले में पुलिस ने अब तक 79.85 लाख रुपये की बरामदगी की है. मामले में गिरफ्तार किए गए सभी आठ आरोपियों को अदालत में पेश किए जाने के बाद तीन दिन की न्यायिक हिरासत में 29 जून तक जेल भेज दिया गया है. अब सभी आरोपियों को भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। इस मामले में गुरुवार देर रात श्रीराम जन्मभूमि थाने में ट्रस्ट सदस्य कृष्ण मोहन की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी. एफआईआर में रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव, अनुकल्प मिश्र, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडेय, लवकुश मिश्र, रमाशंकर मिश्र, सुभाष श्रीवास्तव तथा मनीष कुमार यादव सहित आठ लोगों को नामजद किया गया है.

### बैंक-गणना कर्मियों को नौकरी दिलाने वालों पर कसेगा शिकंजा

चढ़ावा चोरी मामले में एफआर के बाद अब उन लोगों पर पुलिस की विवेचना में शिकंजा कसेगा जिन लोगों ने आरोपितों की मदद की थी. किन लोगों की सिफारिश पर गणनाकर्मियों की भर्ती की गई, बैंक कर्मियों व अफसरों की क्या भूमिका थी और चूंकि गणना का पूरा कार्य बैंक के ही भरोसे था, इसलिए जवाबदेही तय होगी. पुलिस आरोपितों से पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर पूरे नेटवर्क की कड़ियां तलाश करेगी. श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य कृष्णमोहन ने कल इस मामले में एफआइआर दर्ज कराई थी.

## पश्चिम एशिया में शांति रही तो उड़ानें दोबारा शुरू करेगी एयर इंडिया

**नई दिल्ली, 26 जून.** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया पश्चिम एशिया में स्थिति में सुधार को देखते हुए अस्थायी तौर पर बंद की गयी उड़ानों को धीरे-धीरे दोबारा बहाल करने पर विचार कर रही है. एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैम्पबेल विल्सन ने कर्मचारियों के नाम जारी आंतरिक संदेश में यह बात कही है. उन्होंने लिखा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष का समाप्त होना कंपनी के लिए महत्वपूर्ण है. इसके दोबारा शुरू न होने की कोई गारंटी नहीं है.

# कटनी में 14 वन्यजीवों की सामूहिक मौत

**12** चीतल एवं 2 सांभर मृत मिले गश्ती टीम को

**100** मीटर के दायरे में पाए गए मृत वन्यजीव



**कटनी, 26 जून. जिले के विजयराघवगढ़ वन परिक्षेत्र में 14 वन्यजीवों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया है.**


घुघरी-कांटी गांव के समीप जंगल में गुरुवार सुबह वन विभाग की गश्ती टीम को 12 चीतल एवं 2 सांभर मृत अवस्था में मिले. सभी मृत वन्यजीव तालाब के आसपास लगभग 100 मीटर के दायरे में पाए गए. सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और जांच शुरू की. अधिकारियों ने देखा कि मृत वन्यजीवों के मुंह से झाग निकल रहा था. साथ ही तालाब के पानी की स्थिति भी संदिग्ध प्रतीत हुई, जिससे किसी प्रकार की छेड़छाड़ या विषाक्त पदार्थ मिलाए जाने की आशंका जताई जा रही है. मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वॉड की सहायता ली गई. जांच के दौरान डॉग स्क्वॉड घुघरी गांव स्थित एक संदिग्ध के घर तक पहुंचा. वहां तलाशी लेने पर ताजा खून के निशान, वन्यजीवों के बाल, मांस के अवशेष, शिकार में प्रयुक्त फंदे तथा अन्य उपकरण बरामद किए गए.

( शेष पेज 12 पर )

# डिजिटल से लोगों का जीवन हो रहा आसान

- पीएम मोदी की नीदरलैंड्स की रानी मैक्सिमा से मुलाकात
- डिजिटल भुगतान समेत भारत की उपलब्धियों पर चर्चा

**नई दिल्ली, 26 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीदरलैंड की महारानी मैक्सिमा से मुलाकात की. इस दौरान इस बात पर चर्चा की कि कैसे भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर-आधारित बदलाव वित्तीय सेवाओं को ज्यादा सुलभ और किफायती बना रहा है.**



पीएम मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, नीदरलैंड्स की महामहिम रानी मैक्सिमा से मिलकर खुशी हुई. वह संयुक्त राष्ट्र महासचिव की वित्तीय स्वास्थ्य के लिए विशेष प्रतिनिधि भी हैं और लंबे समय से दुनिया भर में वित्तीय समावेशन की समर्थक रही हैं. पीएम ने बताया कि इस बैठक के दौरान उन्होंने इस बात पर चर्चा की कि कैसे भारत में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए हो रहा बदलाव कैसे वित्तीय सेवाओं को ज्यादा लोगों तक पहुंचा रहा है और उन्हें किफायती बना रहा है. इससे लोगों की 'जीवन को आसान बनाने' में मदद मिल रही है और बड़े स्तर पर लोगों को सशक्त बनाया जा रहा है. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत अपने अनुभवों को दुनिया भर के साझेदार देशों के साथ साझा करने के लिए हमेशा तैयार है.

### एक नजर में

#### भारत ने शुरू किया ऑपरेशन अमिस्ताद

**नई दिल्ली, 26 जून.** भारतीय सेना की 41 सदस्यीय मेडिकल टुकड़ी, 35 टन से अधिक राहत सामग्री और दो भीष्म क्यूब के साथ वेनेजुएला रवाना, भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में उपलब्ध कराएगी आपात चिकित्सा सेवाएं. उत्तरी वेनेजुएला में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान 'ऑपरेशन अमिस्ताद' शुरू किया है. इस अभियान के तहत भारतीय वायुसेना के दो सी-17 विमानों से सेना की विशेष मेडिकल टीम, राहत सामग्री, दवाइयां और अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण वेनेजुएला भेजे गए हैं, ताकि प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल चिकित्सा और राहत सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें. भारतीय सेना के 60 पैरा फील्ड हॉस्पिटल की 41 सदस्यीय टीम इस अभियान का हिस्सा है.

#### वेनेजुएला में मरने वालों की संख्या 235 हुई

**काराकास.** वेनेजुएला में कुछ ही सेकंड के अंतराल पर आये दो विनाशकारी भूकंप के झटकों के कारण मलबे में तब्दील इमारतों के बीच बचावकर्मी तेजी से लोगों को तलाश रहे हैं, जिनकी सांसें चल रही हों. आधिकारिक आंकड़े के अनुसार, इस तबाही में अब तक कम से कम 235 लोगों की मौत हो चुकी है और 4,300 से अधिक लोग घायल हैं. वहीं अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि इस आपदा में मरने वालों का आंकड़ा 10,000 पार कर सकता है.

# आकाशीय बिजली गिरने से तीन की मौत

नवभारत न्यूज

**बालाघाट, 26जून. जिले के बैहर थाना क्षेत्र के भीमोड़ी जलाशय के समीप बने वन विभाग के वॉच टावर पर आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए.**

मृतकों में ग्राम भीमोड़ी निवासी झामसिंह पिता नन्वा ताराम (30), ग्राम बिरवा निवासी सतीश पिता दयाल सिंह वल्के (15) और लक्की पिता मेरावी (15) शामिल हैं. घायलों का इलाज बैहर अस्पताल में चल रहा है. जानकारी के अनुसार शुक्रवार को ग्राम भीमोड़ी निवासी झामसिंह मछली पकड़ने के लिए भीमोड़ी जलाशय गया था. वहीं सतीश और लक्की जलाशय की ओर घूमने गए थे. रायसिंह अर्मो (40) और देवलाल टेकाम (41), दोनों ग्राम अतरिया निवासी, भी किसी काम से वहां पहुंचे थे. ग्राम भीमोड़ी निवासी कचरी ताराम (50) कपड़े धोने गई थीं. गरज-चमक के साथ बारिशदोपहर करीब एक से डेढ़ बजे के बीच गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई. बारिश से बचने के लिए सभी लोग वन विभाग के वॉच टावर के नीचे खड़े हो गए. इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और चार लोग बेहोश हो गए. सभी घायलों को तत्काल बैहर अस्पताल ले जाया गया, जहां झामसिंह ताराम ने भी दम तोड़ दिया. रायसिंह अर्मो, देवलाल टेकाम और कचरी ताराम का इलाज जारी है.

### इनका कहना है

थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने बताया कि भीमोड़ी जलाशय के समीप स्थित वन विभाग के वॉच टावर पर आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि तीन घायल हुए हैं. घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है.

## शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने भारत आएंगी जापानी पीएम

**नई दिल्ली 26 जून.** जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने एक जुलाई को तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर भारत आयेंगी. सुश्री तकाइची की यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही है. भारत-जापान शिखर सम्मेलन दोनों पक्षों को द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करने और उन्हें मजबूत करने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करता है.

# बंगलादेश और चीन में समझौते पर हस्ताक्षर

**बीजिंग, 26 जून. बंगलादेश-चीन ने अपने रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को और मजबूत करते हुए 13 सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं. बंगलादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग के साथ उच्च स्तरीय वार्ता की.**

निवेश और बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा आगे बढ़ायी गयी. श्री रहमान की इस चार दिवसीय चीन यात्रा के दौरान चीन में उन्हें पूर्ण राजकीय सम्मान दिया गया. दोनों देशों के बीच हुए इन समझौतों से व्यापार, निवेश, विकास सहयोग और दोनों देशों के नागरिकों के बीच आपसी संपर्क मजबूत होने की उम्मीद है. चीन में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि इस यात्रा से रणनीतिक जुड़ाव, बुनियादी ढांचा विकास, रोजगार सृजन और निवेश के क्षेत्र में सहयोग का नया दौर शुरू होगा. इससे पहले चीन के जल संसाधन मंत्री ली गुओयिंग ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की, जिसमें तीस्ता मास्टर प्लान के साथ-साथ नदी प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण, ड्रेजिंग और सिंचाई पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी.

चीन ने जल संसाधन प्रबंधन में अनुसंधान और तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से बंगलादेश को सहायता देने में भी रुचि दिखायी है. राजनीतिक स्तर पर, बीएनपी अध्यक्ष रहमान ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अंतरराष्ट्रीय विभाग के मंत्री लिउ हैक्सिंग के साथ एक बैठक की. इसमें दोनों दलों के बीच दीर्घकालिक सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी और एक समझौता पत्र पर भी हस्ताक्षर किया. श्री रहमान आज शुक्रवार को चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति के अध्यक्ष झाओ लेजी से मुलाकात करेंगे. इसके बाद वह अपनी पहली विदेश यात्रा पूरी कर शाम को ढाका लौट जायेंगे.

# किंग चार्ल्स टैक्स बिल जमा करने वाले ब्रिटेन के पहले सम्राट बने

**लंदन, 26 जून. ब्रिटेन के किंग चार्ल्स ने वर्ष 2024-2025 के लिए अपने लगभग 161 करोड़ रुपये (लगभग 12.9 मिलियन पाउंड) के टैक्स बिल का खुलासा किया है, जिससे वह अपनी कर देनदारी सार्वजनिक करने वाले पहले ब्रिटिश सम्राट बन गये हैं.**



इस भुगतान के साथ ही वह ब्रिटेन के शीर्ष 100 करदाताओं की सूची में शामिल हो गये हैं. शाही परिवार की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, इसी अवधि के दौरान उत्तराधिकारी और प्रिंस ऑफ वेल्स, प्रिंस विलियम ने भी लगभग 96.83 करोड़ रुपये (77.6 लाख पाउंड) का टैक्स चुकाया है. बकिंघम पैलेस ने इस कदम को पारदर्शिता बढ़ाने और जवाबदेही के प्रति समझ मजबूत करने का व्यक्तिगत एवं ऐतिहासिक निर्णय बताया है.

# 29 साल बाद आपराधिक मामले का फैसला

**नई दिल्ली, 26 जून. सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 1997 में 500 रुपये की घड़ी को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की मौत से जुड़े लगभग 29 साल पुराने आपराधिक मामले का अंतिम निपटारा कर दिया है.**


तीन दोषियों में से दो की हो चुकी है मौत : सुको

न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304 के तहत दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए जीवित बचे एकमात्र आरोपी की सजा को पहले से काटी गई अवधि तक सीमित कर दिया. न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति अरुण पल्ली की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि दोषसिद्धि में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है. हालांकि, घटना को लगभग तीन दशक बीत जाने, मामले की परिस्थितियों तथा आरोपी की आयु को देखते हुए उसे शेष सजा भुगतने के लिए जेल भेजना उचित नहीं होगा. मामले के अनुसार, वर्ष 1997 में पदम सिंह ने अपने पड़ोसी महुआ को 500 रुपये में एक घड़ी बेची थी. बाद में महुआ घड़ी लौटाने पहुंचा, क्योंकि उसे वह पसंद नहीं आई. इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई. इस दौरान महुआ के साथ रामू और मथु भी वहां पहुंच गए और तीनों ने मिलकर पदम सिंह पर हमला किया. अभियोजन के अनुसार, झगड़े के दौरान पदम सिंह को एक सूखी नहर में धक्का दिया गया.



# लोकतंत्र सेनानियों को तीर्थ दर्शन कराएगी सरकार

- लोकतंत्र सेनानियों के लिए सीएम ने खोला सौगातों से भरा खजाना
- सरकारी रेस्टहाउस में दो दिन रूकने का भी होगा इंतजाम

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 26 जून. प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों के लिए सौगातों से भरा खजाना खोल दिया. उनके लिए बड़ी घोषणाएं की. अब राज्य सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में लोकतंत्र सेनानियों के लिए स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था कर उन्हें तीर्थ दर्शन कराएगी.**

लोकतंत्र सेनानियों को यदि प्रदेश के किसी भी स्थान पर जाना हो, तो उनको रूकने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा, उनके लिए सरकारी रेस्ट हाउस में 2 दिन तक रूकने की व्यवस्था भी की जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को लोकतंत्र सेनानी स्मृति दिवस के अवसर पर रवीन्द्र भवन में आयोजित लोकतंत्र सेनानियों के प्रादेशिक सम्मेलन को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों के लिए बड़ी घोषणाएं की. सीएम यहीं नहीं रूके, उन्होंने कहा कि दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों के नाम पर शिलालेख लिखवाये जायेंगे एवं उनके गांव, कस्बे, नगर या निवास क्षेत्र के समीप मौजूद सार्वजनिक भवनों, पार्क एवं रोड आदि का नाम भी इनके नाम पर रखा जाएगा. मुख्यमंत्री यादव ने घोषणा की कि लोकतंत्र सेनानियों के इलाज का सारा खर्चा अब सरकार उठाएगी. किसी लोकतंत्र सेनानी के बीमार पड़ने पर उन्हें उत्कृष्ट और बड़े स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने के लिए पीएमश्री एयर एंबुलेंस की निःशुल्क सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी.

( शेष पेज 12 पर )

अनुमान | मानसून की धीमी पड़ी रफ्तार

# एमपी में 42 जिलों पर बारिश-आंधी का अलर्ट

**भोपाल, 26 जून. मध्य प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है. मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश के 43 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है, जहां गरज-चमक के साथ तेज बारिश और आंधी-तूफान की संभावना जताई गई है. इन जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं.**




भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के भोपाल केंद्र द्वारा जारी अलर्ट में अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, धार, इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, रीवा, सागर, बालाघाट, छिंदवाड़ा सहित कुल 43 जिले शामिल हैं. विभाग ने इन क्षेत्रों में बिजली गिरने और भारी बारिश की संभावना भी जताई है. मौसम विभाग के अनुसार राज्य के मध्य, पूर्वी, दक्षिणी और पश्चिमी हिस्सों में मानसून की गतिविधियां सक्रिय रहने की संभावना है.

मध्य प्रदेश में मानसून की चाल अब भी धीमी बनी हुई है, मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे प्रदेश के लिए अहम रहने वाले हैं और इस दौरान मानसून के भोपाल एवं उज्जैन संभाग तक पहुंचने की संभावना है. प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश, गरज-चमक और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का दौर जारी रहेगा.

## हरियाणा, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के नये प्रभारी नियुक्त

**नई दिल्ली, 26 जून.** कांग्रेस ने संगठन में महत्वपूर्ण फेरबदल करते हुए हरियाणा, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के लिए नये प्रदेश प्रभारियों की नियुक्ति की है. नयी नियुक्तियों के तहत संजय दत्त को हरियाणा, लालजी देसाई को ओडिशा और राजेंद्र पाल गौतम को उत्तर प्रदेश का कांग्रेस प्रभारी बनाया गया है. इसके साथ ही कांग्रेस ने निवर्तमान प्रभारियों के योगदान की सराहना करते हुए अविनाश पांडे, बी.के. हरिप्रसाद और अजय कुमार लल्लू के संगठनात्मक कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया है.

### गुस्ताखी माफ

